# बी. डी.एम.इंटरनेशनल में बिजनेस आइडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता

**छपते छपते समाचार सेवा**




कोलकाता, 4 अगस्त। बी. डी.एम.इंटरनेशनल द्वारा 'वेलोसिटी 4.0' इंटर-हाउस बिजनेस आइडिया प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु नवीन एवं व्यवहारिकऔर व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में आठ टीमों—एटमोसिस, गाइडली, डेब्ट एक्स, मेडबडी, फनडोरा, प्लेयारा ब्लूमोरी, फ्यूचर फोर्ज—ने पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, वित्तीय शिक्षा, खेल, दिव्यांग सहायता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा करियर मार्गदर्शन जैसे विविध विषयों पर अपने अभिनव स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के निर्णायक गण थे -श्री नीलाभ घोष (संस्थापक, डेक्लटरिंग फाइनेंस) सी.ए. शुभश्री रॉय हैं( एच. एस. बी. सी. ग्रुप इंटरप्राइजेज रिस्क मैनेजमेंट,असिस्टेंट वाईस प्रेजिडेंट) और श्री अमिताभ गुहा ठाकुरता( संस्थापक सदस्य एवं अध्यक्ष, एन. आई. पी. एस. एल्युमनी एसोसिएशन) सभी अतिथियोंऔर निर्णायक गण का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया मधुमिता सेनगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 'वेलोसिटी 4.0' जैसे मंच विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज के युवा अपने अभिनव विचारों और नेतृत्व क्षमता के बल पर भविष्य के भारत के परिवर्तनकारी निर्माता बनेंगे।